पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को 'भारत रत्न' मिलने पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊः 27 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने पूर्व प्रधानमंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी को आज उनके आवास पर देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिये जाने पर हार्दिक बधाई दी है। भारत रत्न सम्मान प्रदान करने के लिये राज्यपाल ने अपनी तथा प्रदेश की जनता की ओर से राष्ट्रपति, श्री प्रणव मुखर्जी तथा प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार भी व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी सर्वमान्य नेता हैं, जिनका सम्मान और प्रशंसा सभी दलों के नेता करते हैं। उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं, जिनमें संसदीय प्रणाली में दृढ़ विश्वास, कोमल हृदय वाले कवि, उत्कृष्ट वक्ता जैसे गुणों सहित सबको साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उन्हें श्री अटल जी के साथ सार्वजनिक जीवन तथा उनकी सरकार में पूरे समय तक काम करने का अवसर मिला।

श्री नाईक ने कहा कि अटल जी की वक्तृत्वकला में देश तो क्या सारी दुनिया को आकर्षित करने का सामर्थ्य है। अटल जी ने देश के समक्ष त्यागपूर्ण नेतृत्व का आदर्श प्रस्तुत किया था। देश को अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर सम्मान दिलाया, इसलिये ऐसे महान जननायक को भारत रत्न की उपाधि से गौरवान्वित किया गया, जो वास्तव में पूरे देश तथा विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के लिये प्रसन्नता का विषय है।